## सार-समाचार

### पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया

**सादुलपुर, (निसं)।** रामसरा टिब्बा में एक व्यक्ति को कुल्हाडी व सरीयों से मारपीट व कैम्पर गाडी से कुचलकर हत्या के प्रयास के मामले में सिद्धमुख थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सिद्धमुख थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त प्रकरण में राकेश कुमार पुत्र राजेन्द्रसिह जाट (32) निवासी रामसरा टिब्बा पुलिस थाना सिद्धमुख को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार शाम पांच बजे मिली जानकारी में जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि 6 नवम्बर 2025 को परिवादिया सुनिता पत्नी फतेहसिंह जाट (38) निवासी रामसरा टिब्बा पुलिस थाना सिद्धमुख जिला चूरू ने एक लिखीत रिपोर्ट पेश की कि 5 नवंबर 2025 को रात्री के समय उसका घर पडौसी राकेश पुत्र राजेन्द्र अपनी माता व भाई के साथ गन्दी-गन्दी गालिया निकाल रहा था, तब उसके पति फतेह सिंह ने घर से बाहर आकर गालिया निकालने से मना किया तो राकेश कुमार, प्रदीप पुत्रगण राजेन्द्र व केलापती पत्नी राजेन्द्र निवासीगण रामसरा टिब्बा ने उसके पति के साथ कुल्हाडी व सरीयों से मारपीट की और अधमरा कर छोड़कर चले गये वगैरा वगैर आदि मुकदमा दर्ज कर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान धर्मेन्द्र सिंह उनि थानाधिकारी सिद्धमुख द्वारा शुरू किया गया। अनुसंधान के दौरान किशोरीलाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सेक्टर राजगढ, अभिजीत पाटिल आई.पी.एस. सहायक पुलिस अधीक्षक वृत राजगढ के निकटतम सुपरविजन में धर्मेन्द्रसिंह उनि थानाधिकारी सिद्धमुख मय टीम द्वारा मामले में आरोपी राकेश कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह जाट (32) निवासी रामसरा टिब्बा पुलिस थाना सिधमुख को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित फतेह सिंह आरोपी राकेश कुमार का परिवार में चाचा है, जो गम्भीर चोटो के कारण सर्वेस अस्पताल हिसार हरियाणा मे 5 नवंबर 2025 से उपचाराधीन है, तथा जिसकी हालात गम्भीर है। प्रकरण में आरोपी से अनुसंधान जारी है।

### समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद के निरस्त टोकनों की जांच की मांग

**सादुलपुर, (निसं)।** समर्थन मूल्य पर खरीफ फसल मूंग खरीद के लिए किसानों को जारी किए गए टोकनों में बडी संख्या में निरस्तीकरण करने के विरोध में सोमवार को किसानों ने एसडीएम कोर्ट राजगढ में विरोध प्रदर्शन किया। तथा मामले को लेकर किसानों ने उपखंड अधिकारी राजगढ डॉ मनोज खेमादा को ज्ञापन सौंपकर किसान हित में पुनः जाँच की मांग कर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की है। शाम पांच बजे मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर जगत सिंह, जेल सिंह, गुमान सिंह, मेघराज, शंकरलाल, भगवान सिंह, जोरावर सिह, कमल, राकेश कुमार, सत्यवीर सिंह, सुरेंद्र पूनियां मारवाड व रामकुमार सहित दर्जनों किसानों ने ज्ञापन में बताया कि राजफैड द्वारा जारी किए गए टोकनों में से लगभग 2600 टोकन निरस्त कर दिए गए हैं, जिसके कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने नियमानुसार पंजीकरण करवाकर सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करवाए थे, उसके बावजूद भी उनके टोकन निरस्त कर दिए गए हैं। किसानों ने उपखण्ड अधिकारी डॉ मनोज खेमादा से मांग करते हुए कहा कि निरस्त किए गए सभी मूंग टोकनों की पुनः जांच करवाई जाए, ताकि जिन किसानों का टोकन गलत तरीके से निरस्त हुआ है, उन्हें समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने का लाभ मिल सके। किसानों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन उनकी समस्या का शीघ्र समाधान कर किसानों को राहत प्रदान करेगा।

### गैस सिलेंडर में अचानक आग लगी, अफरा-तफरा मची

**सादुलपुर, (निसं)।** सादुलपुर के वार्ड नंबर 3 में सोमवार अल सुबह करीब 5 बजे अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। वहीं आग लगने से मोहल्ले वासियों में अफरा तफरी का माहौल बन गया, मगर घटना के बाद जलते गैस सिलेंडर को निकाल कर गली में फेंका गया तो गली में खडे टेंपो को भी आग लग गई तथा टेंपो और गैस सिलेंडर को जलते हुए देखा तो मोहल्ले वासी एक बार तो दहशत में आ गए। जिसके बाद गीले कपडों से आग पर करीब आधे घंटे की कडी मकसद के बाद आग पर काबू पाया गया। सुबह 11 बजे मिली जानकारी के अनुसार गनीमत ये रही कि कोई जन हानि नहीं हुई। प्रकरण अनुसार सादुलपुर के वार्ड 3 की मंजू देवी ने बताया कि उसके पुत्र अशोक कुमार पुत्र स्व. नोरत मल ने पानी गर्म करने के लिए गैस सिलेंडर को चालू किया गया था, जिसके बाद रेगुलेट ने अचानक से आग पकड़ ली और देखते-देखते आग की लापटे निकलने लगी, इसके बाद गैस सिलेंडर को गली में फैंका गया तथा गीले कपड़ों से आग पर काबू पाया गया। इस दौरान घर के कुछ कपडे जलकर राख हो गए तथा टेंपो भी जल गया। अशोक कुमार पुत्र स्व. नोरगमल जो की टेम्पू चलाकर अपना परिवार चलता है, मगर टेम्पू जलने से भी रोजी रोटी पर संकट आ गया है।

### जुआ खेलते छह जने गिरफ्तार

**बीदासर (निसं)।** पुलिस ने रविवार देर रात्री को मुखबिर की सूचना पर झंडी-मंडी का जुआ खेलतें 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गस्त के दौरान पुलिस थाना के एचसी महेश कुमार को जरिए मुखबिर सूचना मिली की कुछ लोग श्रीडूंगरगढ़ रोड़ स्थित रामा होटल के पास झंडी-मंडी पर दाव लगा रहें है। जिस पर एचसी महेश कुमार मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे तो कुछ लोग गोल गैरा बनाएं हुए झंडी-मंडी का जुआ खेल रहें थे। जिस पर दबिश देकर पुलिस ने राजुराम पुत्र खुमाराम जाट निवासी ढाणी पोटलियान, मदनलाल पुत्र भंवरलाल जाट निवासी हेमासर आथूणा, मोहम्मद जाफर पुत्र गुलामरसूल सिलावट, शंकरलाल पुत्र लक्ष्मणराम जाट, ओमप्रकाश पुत्र राधाकिशन राजपुरोहित निवासी बीदासर, रतनलाल पुत्र पुरखाराम जाट निवासी ढाणी कालेरा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 6 हजार 180 रुपये जब्त कर जुआ सामग्री बरामद की।

### वैवाहिक वर्षगांठ पर बच्चों को स्वेटर बांटे

**झुंझुनूं, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा डॉ. एसएन शुक्ला एवं वीरा निर्मल शुक्ला की वैवाहिक वर्षगांठ पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला नायकान में छोटे-छोटे बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म स्वेटर वितरण की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत, डॉ. एसएन शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, महेश कुमार मूंड, नागरमल जांगिड, सुमेरसिंह कर्णावत, डॉ. एसके भार्गव, डॉ. नरेंद्रसिंह नरूका, राजेंद्रप्रसाद जोशी, प्रदीपकुमार शुक्ला, देवेंद्र कुमार गौड, शिवप्रसाद महर्षि, सुभाषचंद्र जोशी, अशोक कुमार शर्मा, ओमप्रकाश ककरानिया, विकास शुक्ला, मुबारक पहाडियान, इकबाल सिद्दीकी, मोहम्मद यासीन, सीताराम सैनी एवं काफी संख्या में वीर वीराएं एवं पाठशाला स्टाफ व गणमान्य जन उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापिका मंजू ने नेक कार्य के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

### उपभोक्ता जागरुकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई

**झुंझुनूं, (निसं)।** रामादेवी महिला महाविद्यालय नूआं में सोमवार को आईक्यूएसी के तहत एनएसएस के तत्वावधान में उपभोक्ता जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ. नीतू सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने उपभोक्ता जागरुकता से संबंधित पोस्टर बना कर सभी को जागरूक करने का प्रयास किया। इतिहास व्याख्याता डॉ. अशोक शर्मा ने स्वयंसेविकाओं को उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. आशा मिश्रा, उप प्राचार्या डॉ. शहला सैयद, डॉ. रमाकांत शर्मा, सतीश चौधरी, एनएसएस प्रभारी डॉ. नरेश नैण, डिम्पल मील, सुनिता जाखड़, अनीशा बानो, मनीषा मोदी, सपना स्वामी, विपिन मौजूद थे।

### ट्रोमा सेंटरों का निरीक्षण किया

**सीकर, (निसं)।** चिकित्सा विभाग के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी ने सोमवार को लक्ष्मणगढ जिला चिकित्सालय तथा फतेहपुर के उप जिला अस्पताल में संचालित ट्रोमा सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ट्रोमा सेंटर में कार्यरत चिकित्सकों व स्टॉफ, चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता, रखरखाव व आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता का जायजा लिया। वहीं आमजन दी जा रही सेवाओं व सुविधाओं की समीक्षा की और निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ सुभाष महला व डॉ. शीशराम चौधरी, सहायक लेखा अधिकारी डॉ बजरंग बागड़िया सहित स्टॉफ़ के सदस्य उपस्थित रहे।

# झुंझुनूं में गूंजी न्याय की आवाज, उपभोक्ता आयोग में 30 दिन का न्यायोत्सव शुरू

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं में 30 दिवसीय कंज्यूमर्स वॉयस न्यायोत्सव का कलेक्ट्रेट में शुभारंभ हुआ। झुंझुनूं में उपभोक्ता अधिकारों को मजबूत करने और आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को 30 दिवसीय कंज्यूमर्स वॉयस न्यायोत्सव का शुभारंभ जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील के सान्निध्य में हुआ। कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

जिला आयोग की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को उपभोक्ता अधिकारों, खरीद के बिल लेने की आदत, मानक चिह्नित उत्पादों की पहचान और अनुचित व्यापार व्यवहार की स्थिति में आयोग से न्याय पाने की प्रक्रिया से अवगत कराना है। कार्यक्रम में आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने बताया कि यह विशेष अभियान एक महीने तक चलेगा और पूरे जिले में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आयोग का लक्ष्य है कि एक लाख उपभोक्ताओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता शपथ दिलाई जाए।

अभियान की पहली ही सुबह लगभग 5000 से अधिक उपभोक्ताओं



झुंझुनूं में 30 दिवसीय कंज्यूमर्स वॉयस न्यायोत्सव का कलेक्ट्रेट में शुभारंभ हुआ।

ने ऑनलाइन व ऑफलाइन शपथ लेकर प्रमाण-पत्र डाउनलोड किए। जिससे आयोग का उत्साह और बढ़ गया है। मील ने कहा कि शुरुआत बहुत अच्छी रही है और हमें पूरा विश्वास है कि एक लाख का आंकड़ा हम निर्धारित समय से पहले ही हासिल कर लेंगे।

**ऑनलाइन उपभोक्ता जागरूकता शपथ अभियान भी लॉन्च:-** कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन उपभोक्ता जागरूकता शपथ अभियान भी लॉन्च किया गया। इसके तहत एक क्यूआर कोड जारी किया गया है, जिसे स्कैन करते ही उपभोक्ता तुरंत शपथ ले सकते हैं और प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उपभोक्ता इसे ई-मेल पर भी प्राप्त कर सकते हैं। इस तकनीकी सुविधा ने कार्यक्रम को आधुनिक स्वरूप दिया है और बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों और सरकारी कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कई अधिवक्ताओं ने मौके पर ही लोगों को बताया कि रोजमर्रा की खरीदारी में बिल लेने से न सिर्फ उपभोक्ता सुरक्षा बढ़ती है, बल्कि टैक्स चोरी पर भी नियंत्रण होता है।

**हर खरीद पर हमेशा बिल जरूर लें:-** अध्यक्ष मनोज मील ने कहा कि उपभोक्ता अधिकार सिर्फ कानून की भाषा नहीं, बल्कि हर नागरिक की सुरक्षा का हिस्सा हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि किसी भी वस्तु या सेवा की खरीद पर हमेशा बिल लें, उत्पाद के मानक

■ पहले दिन पांच हजार ने शपथ ली

चिन्ह (आईएसआई, एजी-मार्क आदि) की जांच करें और यदि कोई व्यापारी गलत व्यापार व्यवहार करता है, सेवादोष करता है, तो उपभोक्ता आयोग में शिकायत करके न्याय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयोग का उद्देश्य उपभोक्ता और सेवा प्रदाता के बीच पारदर्शिता स्थापित करना है।

**30 दिन में होंगे कई आयोजन:-** इस 30 दिवसीय न्यायोत्सव के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर रंगोली प्रतियोगिता, संगोष्ठी, सेमिनार, जागरूकता रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे। स्कूलों-कॉलेजों में विशेष व्याख्यान आयोजित होंगे। जहां विशेषज्ञ छात्रों को उपभोक्ता संरक्षण कानून, शिकायत प्रक्रिया और डिजिटल सुरक्षा के बारे में जानकारी देंगे। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से भी अभियान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष पूनिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## अपना घर आश्रम में गर्म वस्त्र वितरित

**रतनगढ़ (निसं)।** संकटग्रस्त,असहाय प्राणी मात्र की दयनीय स्थिति को देखकर हृदय में उपजी करुणा से सेवाभाव परिपुष्ट होता है , देखने वाले व्यक्ति के मन में स्वतः इच्छा होती है कि जितनी भी बन सके उतनी सेवा मुझे अवश्य करनी ही चाहिए। ये विचार रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने नूवां रोड स्थित अपना घर आश्रम में गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।आश्रम व्यवस्था का अवलोकन कर उन्होंने कहा कि आपाधापी पूर्ण जीवन में ऐसे स्थान पर आकर मन को सुकून मिलता है और यहां निवासरत प्रभुजनों की सेवा के लिए विशेष प्रयासों की प्रेरणा मिलती है । प्रभुजनों की सेवार्थ स्थाई एंबुलेंस व्यवस्था शीघ्र हो सके,इसके लिए विशेष प्रयास का भाव भी उन्होंने व्यक्त किया।अपना घर आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विजय प्रकाश गोयल ने शाब्दिक स्वागत कर बताया कि आश्रम में ऐसे निराश्रित,बीमार,मंदबुद्धि लोगों का निवास होता है जिनकी सार संभाल करने वाला कोई भी नहीं हो। ट्रस्ट सचिव कुलदीप व्यास ने अस्वस्थ प्रभुजनों हेतु समुचित चिकित्सा व्यवस्था सुलभ करवाने में सहयोग का निवेदन किया तो महर्षि ने उसी समय पीएमओ रतनगढ से दूरभाष पर वार्ता की। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष नरेंद्र झंवर व महावीर रामगढिया, रामावतार ठठेरा ने आश्रम के सुव्यवस्थित संचालन हेतु समय दान और आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

## नीमकाथाना में एसआईआर विषयक टॉक शो का आयोजन

**सीकर, (निसं)।** कमला मोदी गर्ल्स कॉलेज, नीमकाथाना में 88.4 एफएम धड़क के सहयोग से एसआईआर विषयक जागरूकता हेतु एक टॉक शो का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में एसडीएम नीमकाथाना राजवीर सिंह यादव तथा इलेक्शन आइकॉन आरजे नैना ने छात्राओं को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा उनके प्रश्नों के समाधान किए।

एसडीएम राजवीर सिंह यादव ने छात्राओं से अपील की कि वे अपना सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाएं एवं आसपास के लोगों को भी इस प्रक्रिया में सहयोग हेतु प्रेरित करें।

उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों को सूचना भेजी गई है, वे निर्धारित प्रक्रिया अनुसार अपना सत्यापन करवा सकते हैं तथा अन्य व्यक्तियों की भी सहायता कर सकते हैं।

■ छात्राओं को एसआईआर की महत्ता और इसके माध्यम से मतदाता सूचनाओं के सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया

इस अवसर पर आरजे नैना ने छात्राओं को एसआईआर की महत्ता और इसके माध्यम से मतदाता सूचनाओं के सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध एवं सटीक बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

टॉक शो के दौरान एसडीएम ने भी एसआईआर से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपने परिवार, पड़ोस और समुदाय में जागरूकता फैलाएँ ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया में भाग ले सकें।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को एसआईआर के बारे में जागरूक करना एवं उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों और संकाय सदस्यों ने प्रक्रियागत जानकारी प्राप्त की और अपने सवालों के जवाब पाए। टॉक शो में एसडीएम नीमकाथाना राजवीर सिंह यादव, इलेक्शन आइकॉन आरजे नैना, इलेक्शन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आरजे सूरज, कार्यवाहक प्राचार्य आर.एन. शर्मा, डॉ. मोहर सिंह, प्रो. रोहिताश यादव, प्रो. कुमुद प्रियदर्शिनी, प्रो. वंदना देवी, प्रो. निकिता, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. सुरेश चौधरी, बहादुरमल सैनी और कन्हैया लाल सहित महाविद्यालय के संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ में झुंझुनूं की सहभागिता

**झुंझुनूं, (निसं)।** भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में लखनऊ उत्तरप्रदेश के अटल स्टेडियम पर 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी का आयोजन 23 से 29 नवंबर तक किया जा रहा। जिसका विधिवत उद्घाटन 24 नवंबर को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ध्वजारोहण के साथ किया।

सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस जंबूरी में राजस्थान प्रदेश से 1703 स्काउट्स गाइड्स, प्रभारी एवं अधिकारी सहभागिता कर रहे हैं। जिसमें झुंझुनूं जिले से प्रेरणा सीनियर सैकंडरी स्कूल नवलगढ़ के 12 स्काउट्स यूनिट लीडर कविराज के नेतृत्व में तथा आठ गाइड्स गाइड कैप्टन अनिता के नेतृत्व में, जीपीएस पोद्दार नवलगढ के छह स्काउट प्रभारी रौनक वर्मा के नेतृत्व में तथा जीपीएस पोद्दार नवलगढ की चार गाइड्स ममता

■ उत्तर प्रदेश में झुंझुनू के स्काउट गाइड कर रहे जिले का नाम रोशन

■ 30 हजार से अधिक स्काउट गाइड भाग ले रहे हैं

के नेतृत्व में, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजगढ मंडी के चार स्काउट एवं रामलाल शिक्षण संस्थान अलसीसर के पांच स्काउट्स स्काउट प्रभारी सुनिल कुमार के नेतृत्व में कुल 48 स्काउट गाइड सहभागिता कर रहे हैं। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि जंबूरी में देश अनेक राज्यों के मध्य विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा स्काउट गाइड गेट, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, कैंप क्राफ्ट, स्किल, लोक नृत्य, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, बैंड प्रदर्शन, प्रदर्शनी, एडवेंचर सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। विजेता राज्य को नेशनल चीफ कमिश्नर शील्ड से सम्मानित किया जाएगा।

**झुंझुनूं के तीन लीडर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित:-** सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि झुंझुनूं जिले के लीडर ट्रेनर प्रहलादराय जांगिड़, पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परसरामपुरा के स्काउट प्रभारी एवं सहायक लीडर ट्रेनर शिव प्रसाद वर्मा, रोवर लीडर विक्की कुमार, राष्ट्रीय स्तर पर संचालक दल में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। झुंझुनूं के प्रहलाद राय जांगिड उत्तर प्रदेश राज्य के सब कैंप चीफ तथा शिवप्रसाद वर्मा राजस्थान प्रदेश के डिप्टी सब कैंप चीफ की भूमिका निभा रहे हैं। रोवर लीडर विक्की कुमार को विशेष कार्य दिया गया है।

## हिमाचल के राज्यपाल ने बाबा श्याम के दर्शन किए

**सीकर (निसं)।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला सीकर जिले स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटूश्यामजी पहुंचे, जहां आगमन पर सीकर पुलिस के जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। राज्यपाल ने खाटू धाम में बाबा श्याम के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। दर्शन के उपरांत श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चौहान तथा मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने राज्यपाल महोदय को श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने राज्यपाल का स्वागत एवं अगवानी की।

## भलिया देवी पीजी कॉलेज में छात्राओं ने उपभोक्ता अधिकारों की शपथ ली

**बुहाना (निसं)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा आयोजित उपभोक्ता अधिकार न्यायोत्सव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भलिया देवी पीजी कॉलेज में बड़ी संख्या में छात्राओं एवं आमजन ने उपभोक्ता अधिकारों की शपथ ली। कार्यक्रम में कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. रामसिंह डूडी ने छात्राओं को शपथ दिलाते हुए उन्हें उपभोक्ता के मौलिक अधिकारों और दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. डूडी ने कहा कि किसी भी वस्तु या सेवा को खरीदते समय मूल्य, गुणवत्ता, मात्रा, मानक चिह्न और समाप्ति तिथि की जांच करना हर उपभोक्ता का अधिकार है।

उन्होंने बिल लेने की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि यह उपभोक्ता का

■ छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज में उपभोक्ता जागरूकता का संदेश फैलाएं

न केवल अधिकार है। बल्कि शुद्धता सुनिश्चित करने और कालाबाजारी रोकने का महत्वपूर्ण साधन भी है।

उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज में उपभोक्ता जागरूकता का संदेश फैलाएं। इस अवसर पर लिए गए शपथ पत्र में विद्यार्थियों ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का सम्मान करने, किसी भी भ्रामक विज्ञापन से सतर्क रहने, खरीदारी में पारदर्शिता अपनाने, उचित मंच पर शिकायत करने और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को प्राथमिकता देने का वचन लिया। कार्यक्रम में प्रवक्ता सुनिता यादव, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. ओमप्रकाश पायल, डॉ. अमित कुमार बिरबान, डॉ. सरिता कुमावत, इरफान खान, अनुज कुमार, कमलकांत रांगेय, मंजू कुमारी, शंकरलाल वर्मा, अमित प्रजापत एवं बबीता राईका सहित कई शिक्षाविद उपस्थित रहे। उपभोक्ता आयोग द्वारा आयोजित 30 दिवसीय कार्यक्रम युवा पीढ़ी में उपभोक्ता जागरूकता और अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली

**सीकर, (निसं)।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति, समस्याओं के समाधान एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर शर्मा ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने तथा शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही, एनएफएसएफ, लाडो प्रोत्साहन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, कुसुम बी एवं सी, राइजिंग राजस्थान, पीएमएवाई शहरी, स्वच्छ भारत मिशन जैसी फ्लैगशिप योजनाओं में तेजी लाने पर जोर दिया। एसआईआर अभियान के तहत सभी विभागों के अधिकारियों, कार्मिकों एवं उनके परिजनों के गणना प्रपत्र (ईएफ फॉर्म) को ऑनलाइन अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए, तथा इस कार्य को प्राथमिकता प्रदान करने को कहा। इसके अलावा, शहर के रेजिडेंशियल क्षेत्रों में संचालित औद्योगिक गतिविधियों की निगरानी एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए नगर परिषद आयुक्त को निर्देशित किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने लोकायुक्त, मानवाधिकार एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रकरणों का निस्तारण तथा लाइट्स पोर्टल में जवाबनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद भूमाफियाओं ने कन्हैयालाल बागला हवेली को तोड़ा

**चूरू, (निसं)।** चूरू जिला मुख्यालय पर कन्हैया लाल बागला हवेली को हैरिटेज सिटी में शामिल करने की बात थी, परन्तु कलेक्टर के निर्देशों के

■ कन्हैयालाल बागला हवेली को हैरिटेज सिटी में शामिल करने की बात थी, भूमाफियाओं ने उसे तोड़ दिया

■ कलेक्टर के निर्देश पर चूरू उपखंड अधिकारी ने भूमाफियाओं को पाबंद किया था



चूरू जिला मुख्यालय पर कलेक्टर के निर्देशों के बावजूद भूमाफियाओं ने उसे तोड़ दिया।

बावजूद भूमाफियाओं ने उसे तोड़ दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर को क्लेक्टर के निर्देश पर चूरू उपखंड अधिकारी ने मौके पर पहुंकर भूमाफियाओं को हवेली नहीं तोड़ने के लिए पाबंद किया था।

नगरपरिषद् के एएसआई और एस आई ने भी विभाग को सूचित किया था लेकिन हवेली को टूटने से कोई नहीं बचा सका। दो दिन पहले प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर खुलेआम हवेली क तोडकर मलबा भी ले गए हैं। किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

इस हवेली को तोड़ने में किसी बड़े ही नेता या किसी पहुंच वाले व्यक्ति का हाथ बताया जा रहा है। अन्यथा तो कोई एक ईंट भी नहीं तोड़ सकता, हवेली को तोड़ना तो बहुत बड़ी बात है।

इस संबंध में आज जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा को अवगत कराने पर उन्होंने भी गहरा आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि एस डी एम ने हवेली में जाकर संबंधितों को पाबंद किया था। कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने हवेली में खड़े एसडीएम की फोटो भी दिखाई।

सुराणा ने कहा है कि भूमाफियाओं के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जावेगी। सुराणा ने तत्काल एस डी एम को निर्देश दिए हैं। अब देखना है कि क्या कार्यवाही होती है या बात आई गई हो जावेगी।

## एकता पदयात्रा का आयोजन आज

**सीकर, (निसं)।** जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर बताया कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्यक्रम विभाग के निर्देशानुसार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिले में सरदार150 एकता पदयात्रा (एकता मार्च) का आयोजन किया जाएगा।

यह एकता मार्च 25 नवम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे रामलीला मैदान, लक्ष्मणगढ से प्रारंभ होकर मुरली मनोहर मंदिर (डाकनियों का मंदिर), चौपड बाजार, गणेशजी का मंदिर, पुराना बस स्टैंड से होते हुए तोदी कॉलेज के खेल मैदान तक संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार पटेल के राष्ट्र एकता, अखंडता एवं सेवा भावना के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।


उत्तर पश्चिम रेलवे

ठेकों की ई-ऑक्शन सूचना

संख्या : जी 450/एनएफआर/ई-ऑक्शन/2025 दिनांक 24.11.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जयपुर मंडल के विभिन्न श्रेणी के रेलवे स्टेशनों पर पार्किंग, पे एण्ड यूज, एटीएम, विज्ञापन एवं विविध प्रकार के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन। |
| 2 | कार्य की अवधि | 1. विज्ञापन : 03 वर्ष<br>2. विविध प्रकार के ठेके–<br>1. ग्लोबॉल टॉवर : 03 वर्ष<br>2. इंटिग्रेटिड कॉंट्रैक्ट्स : 05 वर्ष<br>3 कैटरिंग यूनिट्स : 03 वर्ष<br>4 पार्किंग : 03 वर्ष<br>5. पार्सल स्पेस (एसएलआर) : 03 वर्ष |
| 3 | लॉट के ई-ऑक्शन के प्रारम्भ की तिथि व समय | (see table below) |
| 4 | वेबसाइट जहाँ से लॉट वाइज ई-ऑक्शन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है :www.ireps.gov.in | |

| क्रम | लॉट का नाम | ई ऑक्शन की तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन | 27.11.2025 | 11:15 |
| 2. | विविध प्रकार के ठेके–<br>1. ग्लोबॉल टॉवर<br>2. इंटिग्रेटिड कॉंट्रैक्ट्स | 04.12.2025 | 10:00 |
| 3 | कैटरिंग यूनिट्स | 05.12.2025 | 11:15 |
| 4 | पार्किंग | 08.12.2025 | 11:15 |
| 5 | पार्सल स्पेस (एसएलआर) | 09.12.2025 | 12.15 |

1513-DR/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें